# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग, पटना

S9HD2

# सत्रान्त परीक्षा, 2017–18

## कक्षा - IX

क्र० सं० 2529

## हिन्दी (केंद्रिक)

समय– 3 घंटे ] [ पूर्णांक–80

निर्देश – (क) इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं– क (15 अंक), ख (15 अंक), ग (30 अंक), घ (20 अंक)

(ख) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(ग) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

### खण्ड–क (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

शिक्षा विविध जानकारियों का ढेर नहीं है, जो तुम्हारे मस्तिष्क में ठूस दिया गया है और जो आत्मसात (ग्रहण) हुए बिना आजन्म वहाँ पड़ा रहकर गड़बड़ मचाया करता है । हमें उन विचारों की अनुभूति कर लेने की आवश्यकता है जो जीवन-निर्माण, मनुष्य-निर्माण तथा चरित्र-निर्माण में सहायक हों । यदि आप उपरोक्त विचार आत्मसात कर उनके अनुसार अपने जीवन एवं चरित्र का निर्माण कर लेते हैं, तो आप पूरे ग्रंथालय को कंठस्थ करने वाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हैं । शिक्षा और आचरण अन्योनाश्रित हैं । बिना आचरण के शिक्षा अधूरी है और बिना शिक्षा के आचरण । अंततोगत्वा दोनों अनुशासन के ही भिन्न रूप हैं । शिक्षा ग्रहण करने के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता है । अनुशासन भाषण से नहीं, आचरण से आता है । लक्ष्य अनुशासन का सबसे बड़ा प्रेरक है । यदि शिक्षा प्राप्त करने के लिए किसी ऊँचे लक्ष्य को अपने मन में ठान लें, तो अनुशासन दास बन कर उसका अनुगमन करेगा ।

(क) "शिक्षा" शब्द से लेखक का क्या अभिप्राय है ? 2

(ख) शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसकी आवश्यकता पड़ती है ? 2

Scanned by CamScanner

(ग) शिक्षा किसके बिना अधूरी है तथा अनुशासन का सबसे बड़ा प्रेरक क्या है ? 2

(घ) 'आजन्म' में कौन सा समास है ? 1

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

ओ नए साल कर कुछ कमाल, जाने वाले को जाने दे,
दिल से अभिनन्दन करते हैं, कुछ नई उमंगें आने दे ।
आने जाने से क्या डरना, ये मौसम आते जाते हैं,
तन झुलसे शिखर दुपहरी में, कभी बादल भी छा जाते हैं ।
इक वह मौसम भी आता है, जब पत्ते भी गिर जाते हैं,
हर मौसम को मन मीत बना, नवगीत खुशी के गाने दे ।
जो भूल हुई जा भूल उसे, अब आगे भूल सुधारा कर,
बदले में प्यार मिलेगा भी, पहले औरों से प्यार तो कर ।
फूटेंगे प्यार के अंकुर भी, वह जमीं जरा तैयार तो कर,
भले जीत का जश्न मना, पर हार को भी स्वीकार तो कर,
मत नफरत के शोले भड़का, बस गीत प्यार के गाने दे ।
इस दुनिया में लाखों आए और आकर चले गए,
कुछ मालिक बनकर बैठ गए, कुछ माल पचाकर चले गए,
कुछ किलों के अन्दर बंद रहे, कुछ किले बनाकर चले गए,

Scanned by CamScanner

लेकिन कुछ ऐसे भी आए, जो शीश चढ़ाकर चले गए,

उन वीरों के पद चिह्नों पर, अब साथी ''सुमन'' चढ़ाने दे ।

(क) कवि नए साल से क्या कह रहा है ? स्पष्ट कीजिए । 2

(ख) ''भले जीत का जश्न मना''- पंक्ति से कवि क्या प्रेरणा दे रहा है ? 2

(ग) मौसम के आने-जाने से क्या अभिप्राय है ? 1

(घ) ''जो शीश चढ़ाकर चले गए''-पंक्ति किनकी ओर संकेत कर रही है ? 1

(ङ) ''सुमन'' का पर्यायवाची शब्द क्या है ? 1

## खण्ड-ख ( व्याकरण )

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – 1×4=4

(क) 'निर्लिप्त' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग तथा मूल शब्द लिखिए ।

(ख) 'नि' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए ।

(ग) 'मरियल' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय तथा मूल शब्द लिखिए ।

(घ) 'इत' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए ।

4. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का भेद लिखिए – 1×3=3

त्रिभुज, परशुधर, नीलगाय

5. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए – 1×4=4

(क) किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता है । (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए)

(ख) क्या ! मैं भूल कर रहा हूँ ? (निषेधवाचक वाक्य में बदलिए)

Scanned by CamScanner

(ग) लोग पक्षियों को आदमी की नज़र से नहीं देखते हैं । (विधानवाचक वाक्य में बदलिए)

(घ) यह एक अनुकरणीय उदाहरण है । (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए)

6. निम्नलिखित काव्यांशों में निहित अलंकारों के नाम बताइये – 1×4=4

(क) दीनबंधु दुखियों का दुःख कब दूर करोगे ?

(ख) खिले हजारों चाँद तुम्हारे नयनों के आकाश में ।

(ग) चाटत रह्यो स्वान पातरी ज्यों कबहुँ न पेट भरयो ।

(घ) बाँधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से ।

फनिवाले कवियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से ।।

## खण्ड–ग (पाठ्य-पुस्तक व पूरक पुस्तक)

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

जानवरों में गधा सबसे बुद्धिहीन समझा जाता है । हम जब किसी आदमी को पहले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं । गधा सचमुच बेवकूफ होता है या उसके सीधेपन एवं उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे यह पदवी दे दी है, इसका निश्चय नहीं किया जा सकता है । गायें सिंग मारती हैं, ब्याई हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है । कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी–कभी उसे भी क्रोध आ जाता है, किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा । जितना चाहे गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी ना दिखाई देगी । वैसाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा । उसके चेहरे पर एक स्थायी विषाद स्थाई रूप में छाया रहता है । सुख-दुःख, लाभ-हानि, किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा । ऋषि-मुनियों के जितने गुण हैं, वो सभी उसमें पराकाष्ठा पर पहुँच गए हैं पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है ।

Scanned by CamScanner

(क) जानवरों में किसे सबसे अधिक बुद्धिहीन माना जाता है और क्यों ? बुद्धिहीन मनुष्य को क्या कहा जाता है ? 2

(ख) उपरोक्त गद्यांश में गधे की तुलना किससे की गई है और क्यों ? 2

(ग) किन जानवरों को कभी-कभी क्रोध आ ही जाता है और किसको नहीं ? 1

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) ''ल्हासा की ओर'' पाठ में लेखक को भिखमंगे के वेश में यात्रा क्यों करनी पड़ी ? 2

(ख) सामाजिक नींव को किससे खतरा है और क्यों ? उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ के आधार पर लिखिए । 2

(ग) लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? मेरे बचपन के दिन पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए । 2

(घ) ''जूता'' हमेशा टोपी से कीमती रहा है । अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है और एक जूते पर पचीसों टोपियाँ न्योछावर होती है । 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि इस पंक्ति में क्या व्यंग्य किया गया है ? 2

9. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

आई सीधी राह से, गई न सीधी राह ।
सुपुम-सेतु पर खड़ी थी, बित गया दिन आह !
जेब टटोली, कौड़ी न पाई ।
माझी को दूँ, क्या उतराई ?

(क) मनुष्य इस संसार में आकर किन कार्यों में लिप्त हो जाता है ? 2

(ख) माझी कौन है ? कवयित्री उसके लिए क्यों परेशान है ? 2

(ग) 'बीत गया दिन' से कवयित्री का क्या अभिप्राय है ? 1

Scanned by CamScanner

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) गोपी श्रीकृष्ण द्वारा अपनाई गई वस्तुओं को क्यों धारण करना चाहती है ? कवि रसखान के सवैये के आधार पर बताइए । 2

(ख) हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ? 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 2

(ग) 'बच्चे काम पर जा रहे है ।' कविता के आधार पर बताइए कि यदि बच्चों के लिए भोजन और पढ़ने-लिखने की सुविधाएँ नहीं है, तो अन्य सुविधाओं का क्या औचित्य है ? 2

(घ) मेघों के लिए बन-ठन के संवर के आने की बात क्यों कही गई है ? 'मेघ आए' कविता के आधार पर बताइए । 2

11. आपके विचार से 'माटी वाली' कहानी सरकार के सामने कौन सी समस्या को लाकर खड़ा कर देती है ? वर्णन कीजिए । 4

## खण्ड–घ (लेखन)

12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गये गये संकेत बिन्दु के आधार पर लगभग 200–250 शब्दों में निवंध लिखिए – 10

(क) साहित्य और समाज – संकेत बिन्दु– साहित्य का अर्थ

साहित्य की उपयोगिता

साहित्य का जीवन से संबंध

उपसंहार

(ख) छात्र असंतोष – संकेत विंदु–भूमिका या प्रस्तावना

वर्तमान शिक्षा पद्धति

शिक्षा का निजीकरण

Scanned by CamScanner

राजनीति का प्रभाव

अन्य कारण

छात्र असंतोष कम करने के उपाय

उपसंहार

(ग) भारतीय नारी– संकेत बिंदु– नारी का समाज में स्थान

भारतीय नारी की सीमाएँ

नारी की स्थिति में परिवर्तन

आधुनिक नारी की स्थिति में सुधार

उपसंहार

13. अपने राज्य के परिवहन प्रवंधक को पत्र लिखकर अपने मुहल्ले तक नया बस मार्ग आरंभ करने का अनुरोध कीजिए। 5

**अथवा**

अपनी छोटी बहन को पत्र लिखकर उसे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कहें।

14. आप सुनील हैं और अपनी एक मित्र रश्मि से उसके जन्मदिन पर आने में असमर्थ होने के कारण क्षमा मांग रहे हैं। उससे होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

❊❊❊❊

Scanned by CamScanner